दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शुक्रवार 26 अप्रैल 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-203

## महत्वपूर्ण एवं खास

### परस्पर निवेश को बढ़ावा देने पर केंद्रीय हो 'चीन की बीआरआई: पुतिन

**मॉस्को ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि चीन की 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' (बीआरआई) न केवल व्यापार पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए बल्कि इसके जरिये विभिन्न क्षेत्रों में आपसी निवेश और संयुक्त परियोजनाओं को भी बढ़ावा देना चाहिए। पुतिन ने यहां चीन के दौरा पर जाने से पहले एन के एक अखबार को दिये साक्षात्कार में कहा, हमें न सिर्फ व्यापार करना चाहिए बल्कि परस्पर निवेश, संयुक्त बुनियादी ढाँचा, परिवहन, रसद, पारिस्थितिक परियोजनाओं, औद्योगिक तथा तकनीकी सहयोग, वैज्ञानिक और शैक्षिक परियोजनाओं को प्रोत्साहित करना करने के साथ मानवीय संपर्क को सक्रिय करना चाहिए।

### किम और पुतिन पहुंचे व्लादिवोस्तोक

**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम योंग उन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतनि के साथ गुरुवार को होने वाले शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रूस के सदूरवर्ती पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक पहुंच गये हैं। किम के साथ उ. कोरिया के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी व्लादिवोस्तोक गया है। कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि उन निजी ट्रेन से कोरियाई नेताओं के साथ स्थानीय समय के अनुसार शाम छह बजे व्लादिवोस्तोक रेलवे स्टेशन पहुंचे।

### सूडानी सैन्य परिषद के तीन सदस्यों ने इस्तीफा दिया

**मॉस्को ।** सूडान राष्ट्रपति उमर बशीर के तख्तापलट के बाद शासन चलाने के लिए गठित सैन्य परिषद के तीन प्रतिनिधियों ने विपक्ष के साथ वार्ता के बाद इस्तीफा दे दिया है। मैसरावी समाचार आउटलेट ने गुरुवार को सैन्य परिषद के प्रवक्ता शम्स अल-दीन कबाशी के हवाले से बताया कि सैन्य परिषद के प्रतिनिधियों के इस्तीफे के फैसले पर विचार किया जा रहा है। इस्तीफा देने के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। गौरतलब है कि सेना ने सूडान में सरकार विरोधी प्रदर्शन के बाद 11 अप्रैल को राष्ट्रपति उमर बशीर को सत्ता से हटा दिया था। देश में जल्द से जल्द नागरिक सरकार स्थापति करने के लिए प्रदर्शन अभी भी जारी है।

### अमेरिका ने पुतिन के पूर्वी यूक्रेन में रुसी नागरिकता की सुविधा के फैसले की निंदा की

**वाशिंगटन ।** अमेरिका ने रुस के पूर्वी यूक्रेन के कुछ हिस्सों में रुसी नागरिकता की सुविधा देने संबंधी फैसले की निंदा की है और इसे देश की संप्रुभता का उल्लंघन बताया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को एक डिक्री पर हस्ताक्षर किए थे जो यूक्रेन के डोनेट्स्क और लुहानस्क क्षेत्रों में कुछ जिलों के स्थायी निवासियों को रूसी नागरिकता के लिए आवेदन करने के लिए एक सरल प्रक्रिया का उपयोग करने की अनुमति देता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा, रुस के द्वारा लिया गया यह फैसला यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमला है।

### संरा सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन को लेकर बुलाई बैठक

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद ने गुरुवार को दोपहर बाद पूर्वी यूक्रेन की स्थिति को देखते हुए आपातकालीन बैठक बुलाई है। संयुक्त राष्ट द्वारा जारी दैनिक एजेंडे के अनुसार इस बात की जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट मीडिया कार्यालय ने बुधवार को कहा कि सुरक्षा परिषद के सदस्यों की बैठक न्यूयॉर्क में अपह्वान तीन बजे होगी। इससे पहले यूक्रेन ने रुस द्वारा डोनबास निवासियों को रुसी पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक करने की घोषणा को लेकर संयुक्त राष्ट परिषद से तत्काल बैठक आयोजित करने का अनुरोध किया था।

# मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ पीएम मोदी का रोड शो

**वाराणसी।** बीजेपी पीएम मोदी के रोड शो को मेगा रोड शो बानने के लिए व्यापक इंतजाम कर लिए हैं. नामांकन से पहले विपक्ष को पार्टी यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि एनडीए और मोदी लहर आज भी कायम है. प्रधानमंत्री मोदी औपचारिक रूप से वाराणसी संसदीय सीट के रण में 26 अप्रैल को नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। मैं यहां आया नहीं हूं, मुझे मां गंगे ने बुलाया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव 2014 के दौरान इस नारे का इस्तेमाल किया था. पीएम मोदी को मां गंगा ने एक बार फिर बुला लिया है. 2019 में वे दूसरी बार यहां से नामांकन पत्र दाखिल करने जा रहे हैं. लेकिन नामांकन दाखिल करने से पहले रोड शो कर भारतीय जनता पार्टी(बीजेपी) उनकी यात्रा को रोड शो के इतिहास में मील का पत्थर साबित करने की भरसक कोशिश में



है। बीजेपी ने पीएम मोदी के रोड शो को मेगा रोड शो बनाने के लिए व्यापक इंतजाम कर लिए हैं. नामांकन से पहले विपक्ष को पार्टी यह दिखाने की कोशिश कर रही है कि एनडीए और मोदी लहर आज भी कायम है. प्रधानमंत्री मोदी औपचारिक रूप से वाराणसी संसदीय सीट के रण में 26 अप्रैल को नामांकन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी आज वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट पर उतरेंगे. एयरपोर्ट से सीधे कार से प्रधानमंत्री मोदी बनारस हिंदू विश्वविद्यालय जाएंगे. वहां लंका गेट पर पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे. माल्यार्पण के बाद पीएम मोदी का रोड शो शुरू होगा।

पीएम मोदी के मेगा रोड शो में भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेता शामिल हो सकते हैं. लंका से दशाश्वमेध घाट तक होने वाले इस रोड शो में पीएम मोदी के साथ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(एनडीए) के कई दिग्गज नेता भी शामिल होंगे. पीएम मोदी यहां शाम को गंगा आरती में भी शामिल होंगे. प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, सुषमा स्वराज, पियूष गोयल, योगी आदित्यनाथ जैसे दिग्गज भी शामिल रहेंगे। शिरोमणी अकाली दल के मुखिया प्रकाश सिंह बादल, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया राम विलास पासवान भी इस दौरान मौजूद रह सकते हैं.

## एक परिवार ने मचाया श्रीलंका में हाहाकार



**श्रीलंका।** श्रीलंका के कोलंबो की फातिमा फाजला ने कभी नहीं सोचा था कि तीन मंजिला इमारत में रह रहे जिन पड़ोसियों को वह अमीर और सेलेब्रिटी समझती हैं, वे पूरे देश में खूनी हमले का घिनौना चेहरा बनने वाले हैं.

महावेला गार्डेन्स के व्हाइट हाउस में रहने वाले दो भाई ईस्टर रविवार को हुए आत्मघाती हमले के मुख्य खिलाड़ी निकले. ईस्टर रविवार को हुए सिलसिलेवार आतंकी हमले में 350 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए।

इस्लामिक स्टेट ने तीन चर्चों और चार होटलों पर हुए हमलों की जिम्मेदारी ली है.

परिवार के एक नजदीकी सूत्र ने बताया, 33 वर्षीय इंसाफ इब्राहिम लग्जरी होटल सांगरीला में ब्रेकफास्ट की कतार में खड़ा हुआ और फिर खुद को उड़ा दिया। रॉयटर्स को नाम ना छापने की शर्त पर एक सूत्र ने बताया, जब पुलिस हमले के बाद उसके घर रेड करने पहुंची तो छोटे भाई इल्हम इब्राहिम ने बम से खुद को उड़ा दिया. इस आत्मघाती हमले में उसकी पत्नी और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। इब्राहिम के घर के सामने रहने वाली फजाला ने रॉयटर्स को बताया, वे भले लोग लगते थे।

## सेना में महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन होगा

**नई दिल्ली।** सेना ने पहली बार महिलाओं की भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू करेगा। रक्षा मंत्रालय ने भी इसकी मंजूरी दे दी है। जनवरी में सेना पुलिस में पहली बार महिलाओं को शामिल करने का फैसला लिया गया था।



रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी थी। उनका कहना था कि सेना पुलिस की कुल तादाद में महिलाओं की भागीदारी 20त्न होगी। महिलाओं की भर्ती पीबीओआर (पर्सनल बिलो आफिसर रैंक) रोल में की जाएगी। सेना पुलिस में शामिल की जाने वाली महिलाएं दुष्कर्म और छेड़छाड़ जैसे मामलों की जांच करेंगी। सेना पुलिस का रोल सैन्य प्रतिष्ठानों के साथ कैंटोनमेंट इलाकों की देखरेख करना होता है। सेना पुलिस शांति और युद्ध के समय जवानों और साजोसामान की मूवमेंट को संचालित करती है। सेना पुलिस में 800 महिलाओं को भर्ती किया जाएगा। महिलाओं की सालाना भर्ती की दर 52 रहेगी।

## भोपाल से सांसद आलोक संजर की उम्मीदवारी रद्द, डमी प्रत्याशी के तौर पर भरा था नामांकन

**भोपाल।** भाजपा को भोपाल लोकसभा सीट पर झटका लगा है। चुनाव आयोग ने आलोक संजर की उम्मीदवारी रद्द कर दी है। मालूम हो कि डमी प्रत्याशी के तौर पर भाजपा के मौजूदा सांसद आलोक संजर ने भोपाल लोकसभा सीट से पार्टी के डमी उम्मीदवार के रूप में मंगलवार को नामांकन-पत्र दाखिल किया था। गौरतलब है कि भोपाल सीट से साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को लेकर अंदरुनी परेशानी और बाबरी मस्जिद के बयान पर तकनीकी स्थिति को देखकर निवर्तमान सांसद आलोक संजर को डमी प्रत्याशी के तौर पर उतारा गया। आलोक संजर भाजपा का प्लान बी थे। लेकिन चुनाव आयोग ने उनके फॉर्म में भाजपा का अधिकृत प्रत्याशी लिखा पाया। तकनीकी रूप से इस लाइन को तथ्यात्मक त्रुटि मानकर चुनाव आयोग ने आलोक संजर की उम्मीदवारी रद्द कर दी। यह भाजपा के लिए दूसरा बड़ा झटका है। भाजपा ने आलोक संजर से नामांकन इसलिए कराया था कि भविष्य में साध्वी की बजाय उनके पीछे खड़ी होती, लेकिन इन उम्मीदों पर फिलहाल

## रेलवे ने चार साल में 73 हजार ट्रांसजेंडरों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** हर रोज हजारों-लाखों लोग घर से निकल कर रोजगार की दौड़ में रेलवे का सहारा लेते है। भारतीय रेल एक विशाल नेटवर्क है, इसमें सफर कर रहे लोगों को आए दिन काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। एक तरफ जहां सरकार यात्रियों की हर परेशानी दूर करने में लगी है, वहीं कुछ परेशानी ऐसी भी थी, जिनसे पार पाना काफी मुश्किल भरा रहा। जी, हां आम लोग जब ट्रेन में परिवार संग, सफर का लुफ्त उठा रहे होते है, तो इस बीच कई सारे ट्रांसजेंडर आपके बीच आजाते है और आपका सारा मजा खराब कर देते है। इतना ही नहीं उनका जबरदस्ती उगाही



करना भी यात्रियों के लिए काफी बड़ी परेशानी साबित होता रहा है।

लेकिन अब यात्रियों की इस समस्या को समझते हुए रेलवे ने बड़ी संख्या में ट्रांसजेंडरों को गिरफ्तार किया है। रेलवे ने एक आरटीआई में बताया है कि रेल मंत्रालय ने पिछले चार सालों में 73,000 से अधिक ट्रांसजेंडरों को जबरदस्ती उगाही करने को लेकर गिरफ्तार किया है।


रेलवे ने बताया कि अकेले 20,000 से ज्यादा ट्रांसजेंडरों को तो इसी साल गिरफ्त में लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कई यात्रियों ने अक्सर ट्रांसजेंडरों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई है। यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों में सवार के दौरान उनसे जबरदस्ती पैसे निकलवाए जाते हैं। बताया गया कि शिकायतकर्ताओं में कुछ लोग, जिन्होंने ट्रांसजेंडरों की मांगों को देने से इनकार कर दिया तो उन्हें दुर्व्यवहार का भी सामना करना पड़ा। शारीरिक उत्पीड़न के भी कई मामले सामने आए हैं।

## उत्सव बैंस के आरोपों की जांच करेंगे रिटायर्ड जस्टिस एके पटनायक

**नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस रंजन गोगोई पर लगे यौन उत्पीड़न और और बेंच फिक्सिंग के आरोपों को लेकर आज सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने रिटायर्ड जस्टिस एके पटनायक को एडवोकेट उत्सव बैंस द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच करने के लिए नियुक्त किया है। कोर्ट ने सीबीआई निदेशक, आईबी चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त को मामले की जांच में सहयोग करने को कहा है।**

सुप्रीम कोर्ट ने वकील उत्सव बेंस द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज एके पटनायक को सौंपी। जस्टिस पटनायक जांच के बाद कोर्ट को अपनी रिपोर्ट देंगे। वहीं,कोर्ट ने वकील उत्सव बैंस की





कुछ सूचनाओं के खुलासे मे प्रिवलेज की मांग को ठुकरा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा की उत्सव बैंस को मांगे जाने पर हर सूचना देनी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने वकील उत्सव बैंस के हलफ़नामे और दस्तावेजों को सील बंद लिफ़ाफ़े मे जांच के लिए जस्टिस पटनायक को भेजने का आदेश दिया है। इससे पहले बेंच फिक्सिंग के आरोपों पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि पिछले तीन चार साल से जैसे चल रहा है, उस तरह से तो संस्था नहीं रहेगी। सुप्रीम कोर्ट पर हमलों की लगातार कोशिश हो रही है। ताक़त और पैसे के बल पर कोर्ट को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है।

सुप्रीम कोर्ट में उत्सव बैंस ने अतिरिक्त हलफनामा और सीलबंद सबूत कोर्ट को दिए हैं। इस दौरान उत्सव ने कहा कि वह एक और हलफनामा देकर कोर्ट को बताना चाहते हैं कि इस पूरे मामले में कोई जज या उनका रिश्तेदार असर डालने वालों में नहीं है। स्पेशल बेंच ने दोनों पक्षों की दलील सुनी। दलील सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि उत्सव बैंस के आरोपों पर हम दोपहर दो बजे फैसला सुनाएंगे। दरअसल, कोर्ट इस मामले में बेहद गंभीर है। इसीलिए सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि हमारे पास दस्तावेजों का निरीक्षण करने का अधिकार है। विशेषाधिकार वाले दस्तावेजों पर अटॉर्नी जनरल अपना कानूनी तर्क दें। इस पर अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने कोर्ट स्टाफ की नियुक्ति और व्यवहार के नियम बताएं। अटार्नी जनरल ने कहा कि साक्ष्य अधिनियम कहता है कि कोई वकील बिना उसके मुव्वकिल की इजाजत कम्युनिकेशन को नहीं बता सकता, लेकिन यहां तो कोई मुव्वकिल नहीं है। इसके बाद काफी बहस कोर्ट में हुई।

गौरतलब है कि उत्सव बैंस ने हलफनामा दाखिल कर आरोप लगाया है कि सीजेआइ पर अमर्यादित आचरण के आरोप लगाने के पीछे बड़ी साजिश है, ताकि सीजेआइ अपने पद से इस्तीफा दे दें। इसके पीछे कारपोरेट फिक्सर लाबी और सुप्रीम कोर्ट के नौकरी से निकाले गए तीन पूर्व कर्मचारी विशेष रूप से तपन कुमार चक्रवर्ती, मानव शर्मा और एक अन्य शामिल है। इन आरोपों को कोर्ट ने आदेश में दर्ज किया है। बेंस कोर्ट के आदेश पर बुधवार को पेश हुए और उन्होंने सील बंद लिफाफे में कोर्ट को एक और हलफनामा सौंपा, जिसमें साजिश से जुड़ी कुछ और जानकारी दी गई थीं। बेंस ने यह भी कहा कि उनके पास फिक्सर कारपोरेट लाबी के सीसीटीवी फुटेज हैं जिसे कोर्ट मामले की न्यायिक जांच के दौरान देख सकता है।

## छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं 12वीं का रिजल्ट 10 को



**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं व 12वीं परीक्षा के नतीजे इस बार 10 मई को या उससे पहले जारी होने की संभावना है। सूत्रों के मुताबिक रिजल्ट तैयार करने का काम तेजी से चल रहा है। बोर्ड जल्द ही उसे अंतिम रूप दे देगा। बिहार बोर्ड मैट्रिक और इंटर के नतीजे पहले ही घोषित हो चुके हैं। यूपी बोर्ड 10वीं 12वीं के नतीजे 27 अप्रैल को घोषित हो जाएंगे। अब जल्द ही छत्तीसगढ़ बोर्ड 10वीं व 12वीं के स्टूडेंट्स का इंतजार भी खत्म हो जाएगा। पिछली बार की तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ बोर्ड की 10वीं व 12वीं का रिजल्ट एक साथ एक ही दिन घोषित करने की योजना है। नतीजों की घोषणा होने पर स्टूडेंट्स अपना रिजल्ट पर चेक कर सकेंगे। इसके अलाव परीक्षा के नतीजे पर चेक कर सकेंगे। अधिकारिक घोषण किया जा सकता है।